भाकृअनुप-अटारी, कोलकाता में ‘स्वच्छता पखवाड़ा’ के तहत मानव श्रृंखला आयोजित

21 सितम्बर, 2024, कोलकाता

भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), कोलकाता के परिसर में आज ‘स्वच्छता पखवाड़ा’ के तहत एक मानव श्रृंखला बनाई, जैसे स्वच्छता की मशाल को थामे हुए हर हाथ एक सशक्त संदेश दे रहा हो। इस कार्यक्रम में संस्थान के में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों/ अधिकारियों एवं परियोजना कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप डे ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल रोगों से रक्षा करती है, बल्कि हमें आंतरिक और बाहरी, दोनों रूपों में निर्मल बनाती है। उन्होंने सिंगल-यूज प्लास्टिक को त्यागने का आह्वान करते हुए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्थान के सदस्यों और आसपास के लोगों को स्वच्छता के महत्व और इसके मानसिक एवं शारीरिक लाभों के बारे में जागरूक करना था।